# अभिव्यक्ति कार्यक्रम

कार्यक्रम का नाम - अभिव्यक्ति कार्यक्रम (मन की अभिव्यक्ति एवं नारी का सम्मान कार्यक्रम)

कार्यक्रम का दिनांक - 15-03-2021

कार्यक्रम आयोजन संस्था !- पुलिस विभाग एवं बी.सी.एस. शा. स्ना. महा. धमतरी

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि :- डा. श्रीदेवी चौबे प्रभारी प्राचार्य बी.सी.एस.शा. स्ना. महा. धमतरी

अन्य अतिथि वक्ता :- श्रीमती मनीषा ठाकुर (डी.एस.पी धमतरी)

सारिका वैद्य (डी.वाय.एस.पी पुलिस विभाग धमतरी)

रेवती वर्मा (सूबेदार पुलिस विभाग धमतरी)

उषा ठाकुर (संचालिका सखी सेन्टर धमतरी)

कार्यक्रम विवरण !- महिला सशक्तीकरण हेतु रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के गृहविज्ञान विभाग की श्रीमती सरोज प्रसाद, श्रीमती रीता लकरा सहा. प्राध्यापक गृहविज्ञान के निर्देशन में हुआ 27 विद्यार्थियों ने भागीदारी की। अतिथि वक्ताओं द्वारा विचार व्यक्त किया गया। बालक बालगृह के बच्चों द्वारा बनाये गये चित्रों - पेंटिंग की प्रदर्शनी महाविद्यालय में लगायी गयी। डी.एस.पी मनीषा ठाकुर जी ने नारी के सम्मान को लेकर संवेदनशीलता, महिलाओं की शारीरिक सुरक्षा सुरक्षा के प्रति जागरूकता, छोटी बच्चियों एवं किशोरियों - महिलाओं की शारीरिक सुरक्षा के प्रति जागरूकता, डी-वाय.एस.पी. सारिका वैद्य जी द्वारा गुड टच बैड टच की आवश्यकता पर विचार रखे। डी-वाय.एस.पी. सारिका वैद्य जी द्वारा गुड टच बैड टच की आवश्यकता पर विचार रखे। सखी सेन्टर की संचालिका द्वारा पुलिस सहायता तथा कानून की जानकारी दी। सखी सेन्टर की संचालिका द्वारा महिलाओं की सुरक्षा हेतु संचालित सेंटर तथा उन्हें उपलब्ध करायी गयी कानूनी सुविधाओं की जानकारी दी गयी। महाविद्यालय की 15 प्राध्यापिकाओं एवं महिला बाल विकास विभाग की सुपरवाईजर्स को पुलिस विभाग द्वारा ~~प्रथ प्रशस्ति~~ प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। रंगोली प्रतियोगिता के स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया

(डा० अनिता राजपुरिया)



# जिला पुलिस, धमतरी (छ.ग.)

अभिव्यक्ति
नारी के सम्मान की

छत्तीसगढ़ पुलिस 2000
परित्राणाय साधूनाम्

## सम्मान पत्र

डॉ. अनिला राजपुरिया (पी.जी. कॉलेज धमतरी) अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर के अवसर पर "अभिव्यक्ति" महिला दिवस जागरुकता में आपकी सहभागिता से हम हर्षित हैं। समाज उत्थान में आपके कर्तव्य सराहनीय हैं ...

***आपका कर्तव्य राष्ट्र एवं समाज की सेवा में सदैव अर्पित रहें......***

इन्ही शुभकामनाओं सहित आपके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ यह सम्मान-पत्र प्रदान किया जाता है।

अभिव्यक्ति
नारी के सम्मान की

पुलिस अधीक्षक
जिला - धमतरी (छ.ग.)

**आप मन के सुरक्षा, आप मन के हाथ, छ.ग. पुलिस, आप मन के साथ**

संलग्नक 34

# पीजी कालेज में छात्राओं को दी गई गुड टच व बैड टच की जानकारी


पीजी कालेज में आयोजित कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथि व कालेज की छात्राएं। • पीजी कालेज

धमतरी (नईदुनिया न्यूज)। बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय पीजी कालेज धमतरी में 18 मार्च को पुलिस विभाग के सौजन्य से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित मन की अभिव्यक्ति नारी का सम्मान कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डा श्रीदेवी चौबे के उद्बोधन से हुआ। कार्यक्रम मे डीएसपी मनीषा ठाकुर, डीवायएसपी सारिका वैद्य, रेवती वर्मा, उषा ठाकुर, प्रोफेसर डा अनिता राजपुरिया मंचासीन थे।

मनीषा ठाकुर ने नारी के सम्मान को लेकर संवेदनशीलता, सुरक्षा के प्रति जागरूकता, छोटी बच्चियों, किशोरियों-महिलाओ की शारीरिक सुरक्षा की आवश्यकता के बारे में अपने विचार रखे। सारिका वैद्य ने महाविद्यालय की छात्राओं को गुड टच तथा बैड टच, पुलिस की सहायता तथा कानून की सही जानकारी, अपराधों को रोकने में सही समझ, मीडिया का सही उपयोग, छात्र जीवन की उपयोगिता की जानकारी दी। नियमों तथा सुरक्षा संबंधी जागरूकता को सभी तक पहुंचाने पर बल दिया। अभिव्यक्ति कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय की 27 छात्राओं द्वारा सरोज प्रसाद एवं रीता लकरा के निर्देशन में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। बालक बालगृह के बच्चों के द्वारा बनाई गई चित्रों-पेंटिंग की प्रदर्शनी महाविद्यालय में लगाई गई। समापन पर महिला बाल विकास विभाग की महिला सुपरवाईजरर्स को प्रमाण-पत्र दिया गया साथ ही रंगोली प्रतियोगिता के सहभागियों को भी प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, महिला बाल विकास विभाग के कर्मचारी, शिशु सेवा समिति की अध्यक्ष प्रिया पंजवानी, जैन महिला संघ की अध्यक्ष सुशीला नाहर, समाजसेविका जानकी शर्मा, उषा गुप्ता, डा मित्तल, मिंटो राठी एवं समस्त छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दी।

# एएसपी ने महिलाओं और किशोरियों को सुरक्षा के प्रति सचेत रहने कहा


धमतरी. प्रमाण पत्र दिखाती प्रतिभागी।

धमतरी। बीसीएस कॉलेज में अभिव्यक्ति नारी के सम्मान का कार्यक्रम हुआ। यह पुलिस विभाग धमतरी के सहयोग से हुआ। कार्यक्रम में मौजूद एएसपी मनीषा ठाकुर ने नारी के सम्मान, संवेदनशीलता, सुरक्षा के प्रति जागरूकता, छोटी बच्चियों, किशोरियों और महिलाओं की शारीरिक सुरक्षा की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी।

डीएसपी सारिका वैद्य ने कॉलेज की छात्राओं को गुड टच और बैड टच, पुलिस की सहायता और कानून की सही जानकारी, अपराधों को रोकने में सही समझ, मिडिया का सही उपयोग, छात्र जीवन की उपयोगिता के बारे में बताया। कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली स्पर्धा हुई। इसमें 27 छात्राएं शामिल हुई। बालक बालगृह के बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग और चित्र की कॉलेज में प्रदर्शनी लगाई गई। महिला एवं बाल विकास विभाग की महिला सुपरवाइजर्स को प्रमाण देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही रंगोली प्रतियोगिता में शामिल हुई प्रतिभागियों को भी प्रमाण देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कॉलेज की प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे, रेवती वर्मा, उषा ठाकुर, प्रोफेसर डॉ. अनिता राजपुरिया, प्रिया पंजवानी, सुशीला नाहर, जानकी शर्मा, ऊषा गुप्ता, डॉ. मित्तल, मिंटो राठी, सहित कॉलेज का समस्त स्टाफ व छात्र मौजूद रहे।


LAB
GEOG. DEPTT.


LAB
GEOG. DEPTT.



REAL MEN DONT!




छत्तीसगढ़ पुलिस
परित्राणाय साधुनाम्
अभिव्यक्ति
नारी के सम्मान की
'आप मन के सुरक्षा, आप मन के हाथ, धमतरी पुलिस आप मन के साथ ''


जिला पुलिस
धमतरी पुलिस
के साथ




न डरें, न सहें चुप्पी तोड़ें
आवाज उठायें ...
"आप मन के सुरक्षा, आप मन के हाथ, छ.ग. पुलिस आप मन के साथ"


अबला नहीं हैं हम नारी,
अब समझने की है तुम्हारी बारी
"आप मन के सुरक्षा, आप मन के हाथ, छ.ग. पुलिस आप मन के साथ"


न डरें, न सहें चुप्पी तोड़ें
आवाज उठायें ...
"आप मन के सुरक्षा, आप मन के हाथ, छ.ग. पुलिस आप मन के साथ"


STOP RAPE





जहां पर लड़की को
लड़का पकड़ कर मारना
चाहता है


Made by → Lavanya Gupta
Class-XII
Being a Woman is a Strength Take Advantage



Name = Shailesh
Class - 8th

# आज की नारी की अभिव्यक्ति



वित्तमंत्री श्रीमति – निर्मला सीता रमन






– साइना नेहवाल



बेचारी नहीं वो नारी है
उसकी हर बात निराली है
रसों के सारे भाव का समावेश है उसमें
कभी वात्सल्य तो कभी रौद्र
वही तो प्रियसी वही तो शक्ति है




कुदरत
का
मत